Apr - May 2026
Issue 10

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515
Email: customercare@ncrtc.in

# नमो भारत टाइम्स
# Namo Bharat Times






**PASSENGER EXPERIENCE**
Commited to safe, comfortable and seamless journeys





**STATION OPERATIONS**
Smooth operations ensuring better connectivity every day

## CONNECTING CITIES, TRANSFORMING LIVES

## TABLE OF CONTENT

02 — Cover Story
13 — Latest @NamoBharat
14 — Commuter Corner
15 — Spotlight
17 — Trivia
19 — Commuter of the month

## Cover Story

# नमो भारत ने 3 करोड़ कम्यूटर ट्रिप्स का आँकड़ा किया पार, यात्रियों की बनी पहली पसंद

संपूर्ण दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर परिचालन आरंभ होने के कुछ ही महीनों के भीतर ही नमो भारत ने 3 करोड़ कम्यूटर ट्रिप्स का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अपनी उत्कृष्ट यात्रा सेवा से नमो भारत ने एक तेज़, सुरक्षित और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन माध्यम के रूप में एक अलग पहचान कायम की है और यात्रियों के विश्वास को लगातार जीता है।




नमो भारत में 90,000 से 1,25,500 यात्री रोज़ाना कर रहे हैं सफ़र





इसकी सफलता की सबसे बड़ी वजह है यात्रा के समय में होने वाली भारी बचत। नमो भारत ने यात्रा में लगने वाले समय को लगभग एक-तिहाई कर दिया है। दिल्ली और मेरठ के बीच सड़क मार्ग से यात्रा करने में जहाँ पहले लगभग तीन घंटे लगते थे, वहीं अब नमो भारत से यह दूरी लगभग एक घंटे में तय की जा सकती है।




## निर्मल शर्मा

"पहले पूरा दिन आने-जाने में निकल जाता था। ट्रैफिक, धूल और लंबा इंतज़ार रोज़मर्रा का हिस्सा था। अब सफर काफी आसान और तेज़ हो गया है। समय की बचत होने से मैं सफर के दौरान अपना कुछ काम भी पूरा कर लेता हूँ और थोड़ा आराम भी मिल जाता है।"

## ललित वर्मा

"नमो भारत से सफर में काफी समय बचता है। सुविधाएँ अच्छी हैं और पूरा सफर बहुत आरामदायक लगता है।"



नमो भारत को यात्रा के एक सुरक्षित और समावेशी माध्यम के तौर पर भी डिज़ाइन किया गया है। सीसीटीवी द्वारा 24/7 निगरानी, महिलाओं के लिए आरक्षित कोच, एसओएस बटन, बेहतर रोशनी वाले स्टेशन और प्रशिक्षित कर्मचारियों की मौजूदगी जैसी सुविधाएँ यात्रा के दौरान एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करती हैं।







गाज़ियाबाद तक यात्रा करने वालीं गीता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, “पहले बसों और दूसरे साधनों से यात्रा करना काफी तनावपूर्ण होता था। अब सफर बहुत आसान और आरामदायक हो गया है। ट्रेन में सुविधाएँ भी अच्छी हैं और यात्रा सुरक्षित महसूस होती है।

नमो भारत अब सिर्फ़ एक विकल्प नहीं है, बल्कि यह बड़ी संख्या में यात्रियों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी का एक भरोसेमंद हिस्सा बनती जा रही है।



**Cover Story**

# सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर निर्मित फुट ओवर ब्रिज, हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से प्रदान कर रहा निर्बाध कनेक्टिविटी

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और यात्रियों के लिए बाधा रहित कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाते हुए एनसीआरटीसी ने सराय काले खां नमो भारत स्टेशन को हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को परिचालित कर दिया है।








एनसीआरटीसी द्वारा निर्मित 280 मीटर लंबा यह एफओबी क्षेत्र का पहला ऐसा फुट ओवर ब्रिज है, जो ट्रैवलेटर से सुसज्जित है। परिवहन के इन दो प्रमुख साधनों के बीच यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विकसित की गई इस सुविधा से विशेष रूप से महिलाओं, बुज़ुर्गों, बच्चों, दिव्यांगजनों और भारी सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा। आम तौर पर ट्रैवलेटर उन स्थानों पर लगाए जाते हैं जहाँ बहुत अधिक पैदल चलने की आवश्यकता होती है, लेकिन इस ट्रांज़िट हब पर यात्रियों की भारी संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने यहाँ यह सुविधा उपलब्ध कराई है।

इन सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के बीच उचित कनेक्टिविटी न होने के कारण यात्रियों को पहले तेज़ रफ़्तार ट्रैफिक के बीच व्यस्त सड़कों को पार करने के लिए मजबूर होना पड़ता था, जिससे न केवल उनकी सुरक्षा को खतरा रहता था बल्कि ट्रैफ़िक जाम की स्थिति भी बनती थी। सराय काले खाँ क्षेत्र में रोज़ाना लाखों यात्री विभिन्न सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करते हैं, जहाँ उन्हें भारी भीड़ और अस्त-व्यस्त ट्रैफ़िक के बीच एक परिवहन साधन से दूसरे तक पहुँचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी। यह एफओबी इन चुनौतियों का एक सुरक्षित, सुविधाजनक और दीर्घकालिक समाधान प्रदान करेगा।



# Latest @ Namo Bharat

## बेगमपुल और भैंसाली स्टेशनों पर खुले अतिरिक्त प्रवेश-निकास द्वार, यात्रियों की पहुँच हुई और आसान

नमो भारत और मेरठ मेट्रो तक यात्रियों की आसान पहुँच सुनिश्चित करने के क्रम में एनसीआरटीसी ने मेरठ स्थित भैंसाली स्टेशन पर प्रवेश एवं निकास गेट नं. 1 तथा बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर गेट नं. 2 और 3 जनता के लिए खोल दिए हैं। इन नए द्वारों के खुलने से स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों की आवाजाही और अधिक सुगम हो गई है।

### बेगमपुल स्टेशन


मेरठ का भूमिगत बेगमपुल स्टेशन इस कॉरिडोर के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। इस स्टेशन को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि शहर के प्रमुख बाजारों और इलाकों से आने वाले लोगों को अधिक दूरी तक पैदल न चलना पड़े।

नव-परिचालित गेट नं. 2 सोतीगंज क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए आवागमन को और सुगम बनाएगा। यहाँ से जीआईसी तक पहुँचना भी अधिक आसान है। इसके अलावा पी.एल. शर्मा रोड, पेंट बाजार तथा आसपास के अस्पतालों तक जाने के लिए भी यह गेट अधिक सुविधाजनक है।



वहीं, गेट नं. 3 पास स्थित नेशनल इंटर कॉलेज एवं एसएसडी बॉयज इंटर कॉलेज तक आसान पहुँच सुनिश्चित करेगा। इन संस्थानों की दूरी इस गेट से लगभग 150 मीटर है। सेंट जोसेफ कॉलेज तक पहुँचने के लिए भी यह गेट अधिक सुविधाजनक है। लालकुर्ती बाजार, तोपखाना, बाउंड्री रोड और मवाना रोड की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी इस गेट से निकास करना अधिक सुविधाजनक रहेगा।

इस स्टेशन के दो गेट पहले से भी परिचालित हैं। गेट नं. 1 अबू लेन की तरफ है और गेट नं. 4 मेरठ कैंट इलाके की तरफ है; ये दोनों गेट फरवरी में स्टेशन के परिचालित होने के बाद से ही लोगों को सुविधा दे रहे हैं। नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की सेवा देने वाला यह स्टेशन शहर के पसंदीदा अर्बन मोबिलिटी हब के तौर पर उभरा है और फिलहाल इस कॉरिडोर पर सबसे ज़्यादा यात्रियों की आवाजाही यहीं दर्ज की जा रही है।



# भैंसाली स्टेशन

भैंसाली स्टेशन स्थानीय मेरठ मेट्रो की सेवाएँ प्रदान करता है। इस स्टेशन पर प्रवेश और निकास के लिए दो गेट हैं, जिनमें से एक पहले से परिचालित है। नव-परिचालित गेट नं. 1 उन यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान करेगा जो शहीद स्मारक की तरफ से आते-जाते हैं। इस गेट की तरफ ही सीएबी इंटर कॉलेज, दीवान पब्लिक स्कूल,जीटीबी स्कूल,मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल, मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल मेन विंग भी स्थित हैं।






# साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर अब आधार सेवाएँ भी उपलब्ध

अब नमो भारत की यात्रा के साथ आधार से जुड़े आवश्यक कार्य भी आसानी से पूरे किए जा सकते हैं। साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पर आधार सेवा केंद्र शुरू किया गया है, जो स्टेशन के गेट नं. 3 के पास स्थित है। यह केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुला रहता है।

UIDAI द्वारा संचालित इस केंद्र पर आधार नामांकन, विवरण अपडेट और आधार कार्ड प्रिंटिंग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। केन्द्र के संचालन की शुरुआत से ही प्रतिदिन लगभग 400-500 लोग यहाँ उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल यात्रियों को एक ही स्थान पर यात्रा और आवश्यक नागरिक सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए एनसीआरटीसी लगातार नमो भारत स्टेशनों पर नई सेवाएँ जोड़ रहा है। बैंकिंग सुविधाओं, ईवी चार्जिंग स्टेशन, स्मार्ट लॉकर, फूड आउटलेट्स और को-वर्किंग स्पेस के बाद अब साहिबाबाद स्टेशन पर आधार सेवा केंद्र भी इस श्रृंखला में शामिल हो गया है।



# Latest @ Namo Bharat

## A Small Bag. A Big Reminder of Integrity.



It was a regular day at Begumpul Station on 9 April 2026. Passengers moved in and out in a hurry, announcements echoed through the station, and the rhythm of daily travel continued as usual.

Amidst the rush, a bag was found unattended.

For most, it could have been just another lost item. But for Station Controllers Mr. Ekansh and Mr. Vinayak, who were on duty that day, it was a responsibility waiting to be fulfilled. On checking the bag, they discovered it contained ₹88,500 in cash.

Without hesitation, the team immediately initiated efforts to trace the rightful owner. Their prompt action, honesty, and commitment ensured that the bag was safely returned to the passenger, bringing immense relief and gratitude.

In moments like these, true character reveals itself. The actions of Team Begumpul went beyond duty. They reflected integrity, professionalism, and the values that define our organisation.

Their inspiring gesture not only strengthened passenger trust but also served as a powerful reminder that every responsibility, big or small, matters.

Kudos to Mr. Ekansh and Mr. Vinayak for making NCRTC proud and setting an exemplary benchmark through their sincere commitment and honesty.

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Commuter Corner

## Travel with Less Hassle, More Comfort














# Spotlight

## ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन

मेरठ स्थित ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन यात्रियों को स्थानीय मेट्रो की सुविधा प्रदान कर रहा है। दिल्ली रोड पर माधवपुरम कॉलोनी के सामने बने इस स्टेशन से ना सिर्फ ब्रह्मपुरी और माधवपुरम बल्कि टीपी नगर और आसपास के निवासियों के लिए भी यात्रा करना बेहद सुगम हो गया है।

इस स्टेशन के आस-पास कई रिहायशी इलाके हैं जिनमें माधवपुरम, ब्रह्मपुरी, इन्द्रा नगर, मेजर ध्यानचंद नगर, शिव शक्ति नगर और गुप्ता कॉलोनी शामिल हैं। साथ ही दाल मंडी, नवीन मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर भी इसके काफ़ी करीब है। यात्री यहां से मेरठ के अंदरुनी इलाकों में मेट्रो के ज़रिए सफ़र करते हैं।



Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in



ब्रह्मपुरी मेट्रो स्टेशन पर 4 ट्रैक और 2 प्लेटफॉर्म हैं। इनमें दो ट्रैक नमो भारत के लिए हैं जबकि अन्य दो मेरठ मेट्रो के लिए हैं। नमो भारत ट्रेनें इस स्टेशन पर नहीं रुकतीं। यह स्टेशन मेरठ साउथ से मोदीपुरम की दिशा में शताब्दी नगर के बाद आता है। शताब्दी नगर से नमो भारत की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में यदि किसी यात्री को दिल्ली या गाजियाबाद जाना हो तो वे ब्रह्मपुरी से मेट्रो लेकर शताब्दी नगर पहुँच सकते हैं और नमो भारत के जरिए अपना आगे का सफर तय कर सकते हैं।

इस स्टेशन पर दो प्रवेश-निकास द्वार बनाए गए हैं। जहाँ गेट नं. 1 माधवपुरम और दाल मंडी आने-जाने वाले लोगों के लिए सुविधा प्रदान करता है, वहीं गेट नं. 2 महिला पीजी कॉलेज और इंटर कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आसान पहुँच सुनिश्चित करता है।

स्टेशन पर यात्रियों के सुगम प्रवेश और निकास हेतु द्वारों के समीप पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ सुविधाएँ विकसित की गई हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं होगा।





Make your journey convenient with the Namo Bharat Connect App. Get it on

# Trivia

## नमो भारत कनेक्ट ऐप: स्मार्ट और सुविधाजनक यात्रा का साथी

नमो भारत कनेक्ट ऐप यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर टिकट बुकिंग से लेकर रियल-टाइम ट्रैवल अपडेट तक अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराकर यात्रा को अधिक आसान और सुविधाजनक बना रहा है। फरवरी 2026 तक इस ऐप के उपयोगकर्ताओं की संख्या 3.61 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि 24.70 लाख से अधिक डिजिटल टिकट इस ऐप के माध्यम से बुक किए जा चुके हैं।




- **डिजिटल क्यूआर टिकट बुकिंग**
  बिना लाइन में लगे नमो भारत और मेरठ मेट्रो के लिए आसानी से डिजिटल टिकट बुक करें।

- **स्टेशन लेआउट और सुविधाएँ**
  स्टेशन पर उपलब्ध लिफ्ट, एस्केलेटर, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करें।

- **लॉस्ट एंड फाउंड सुविधा**
  खोए हुए सामान की जानकारी और उसे वापस पाने की प्रक्रिया को सरल बनाएं।

- **लाइव पार्किंग स्टेटस**
  स्टेशन पर पार्किंग की उपलब्धता की रियल-टाइम जानकारी प्राप्त करें।

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

- **हेल्प एंड सपोर्ट**
  सहायता के लिए स्टेशन स्टाफ से कॉल या व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क।


- **सुरक्षा और एक्सेसिबिलिटी फीचर्स**
  महिला सुरक्षा सहायता, शिकायत निवारण और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता सुविधाएँ।

- **दिल्ली मेट्रो के साथ एकीकृत टिकटिंग**
  एक ही ऐप से नमो भारत और दिल्ली मेट्रो दोनों के टिकट बुक करने की सुविधा।

- **आईआरसीटीसी के साथ एकीकरण**
  ऐप के जरिए सीधे भारतीय रेल टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म तक पहुँच।

- **लास्ट-माइल कनेक्टिविटी**
  फीडर बस और रैपिडो जैसी सेवाओं के माध्यम से आगे की यात्रा को और अधिक आसान बनाना।

नमो भारत कनेक्ट ऐप यात्रियों को एक स्मार्ट, सुरक्षित और सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# Commuter of The Month

## No fear of missing my train anymore

Every morning, my journey from Anand Vihar to Begumpul used to begin with one major concern — traffic. The congestion on city roads was unpredictable, and despite leaving early, I would often get delayed on the way to the station. There were several occasions when I missed my connecting train from New Delhi Indian Railway Station because of unexpected traffic, which made daily travel stressful and exhausting.

Things started changing once I began using the Namo Bharat service regularly and planned my journey according to its schedule. The faster and more reliable connectivity has made my commute much smoother and more predictable.



**Tasleem Khan**

I reach my destination on time without constantly worrying about delays or missing my train. The punctuality and comfort of the service have made a significant difference in my daily routine.

Earlier, traffic created uncertainty in every journey. Now, I travel with confidence, knowing I will reach on time and without stress.

Editor : Puneet Vats
Published by : Corporate Communications, NCRTC

Please address your correspondence to:
The Editor,
Namo Bharat Times
Email: pr@ncrtc.in

Disclaimer: The information provided in this Newsletter is for the general reading purpose of Namo Bharat Commuters. The contents of the Newsletter are strictly for personal non-commercial use of the intended readers and lawful purposes.


All India Radio News
@airnewsalerts

Principal Secretary to the Prime Minister, Dr P. K. Mishra, visited the **Delhi–Ghaziabad–Meerut Namo Bharat Corridor** and reviewed its operations, technologies and role in improving regional mobility.

The delegation visited the Sarai Kale Khan station and experienced the train journey, besides touring the Duhai Depot and inaugurating the Centre for Innovation 'Aparimit'.

6:12 PM · Apr 10, 2026 · **5,791** Views

13 168 3


SPO INDIA @spo_india · May 23
NCRTC Ridership Surge: Eight More Namo Bharat Trips Added on Delhi-Meerut Route During Peak Hours
#NamoBharat #NCRTC #DelhiMeerutRRTS #RapidRail #PublicTransport #RidershipSurge

spoindia.org/news/ncrtc-rid...


Rail Analysis India
@RailAnalysis
Following

Namo Bharat achieves 3 crore commuter journeys across Delhi-Ghaziabad-Meerut corridor

Read more: railanalysis.in/rail-news/namo...

#NCRTC #DelhiMeerut #NamoBharat #RRTS #NationalCapitalRegion #NCR #Ridership #Connectivity #UrbanTransit #SutainableDevelopment #RailAnalysis

National Capital Region Transport Corporation Ltd.
16:56 · 06 May 26 · **338** Views


Dainik Jagran @JagranNews · May 22
सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर कमर्शियल स्पेस के लिए टेंडर जारी, यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

#Delhi #NCRTC

सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर कमर्शियल स्पेस के लिए टेंडर जारी, यात्रियों को मिलेंगी बेहत...

From jagran.com